गन्ना बीज अनुसन्धान उप केन्द्र मोतिहारी

688. **श्री विभूति मिश्र :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चम्पारन जिला (बिहार) में मोतीहारी में कोयम्बटूर की तरह का एक गन्ना बीज अनुसन्धान उप-केन्द्र स्थापित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अनुसन्धान कार्य करने के लिये उनको पर्याप्त भूमि नहीं दी गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि कोयम्बटूर उप-केन्द्र में विकसित बीजों की किस्मों से चम्पारन में अधिक उपज हुई है; और

(घ) यदि हां, तो गन्ना उत्पादकों के हित में भूमि देने के बाद चम्पारन जिले में एक अच्छा अनुसन्धान केन्द्र कब तक स्थापित करने का सरकार का विचार है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) गन्ना अनुसंधान उप-केन्द्र 1964 से मोतीहारी में कार्य कर रहा है, इस उप-केन्द्र का मुख्य कार्य गन्ना अभिजनन संस्थान, कोयम्बटूर द्वारा संभरित विभिन्न आनुवंशिक सामग्री को उप-उष्ण प्रदेशीय क्षेत्रों की उपयुक्तता की दृष्टि से विकसित करना है;

(ख) जी नहीं । केन्द्र के पास अपने वर्तमान अनुसंधान कार्यक्रम के लिये पर्याप्त भूमि है;

(ग) कुछ प्राथमिक परीक्षणों के द्वारा कुछ को, केन्स ने स्थानीय किस्मों से अधिक श्रेष्ठता प्रकट की है । फिर भी, इन खोजों की प्रष्टि के लिये और परीक्षणों की आवश्यकता है; और

(घ) चतुर्थ पंच वर्षीय योजना के दौरान इस केन्द्र द्वारा पर्याप्त विकास किये जाने की आशा की जाती है ।

Wage of Skilled and Unskilled Labour

689. SHRI BIBHUTI MISHRA: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have issued a notification that skilled and unskilled labourers in various spheres of Governmental works would get Rs. 9.25 P. per day;

(b) if so, what would be its implications on trade and industry; and

(c) how it will be implemented in private sectors ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) No.

(b) and (c). Does not arise.

राष्ट्रीय श्रम आयोग का प्रतिवेदन

690. **श्री ओमप्रकाश त्यागी :**
श्री क० प्र० सिंह देव :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री गार्डिलिंगन गौड़ :
श्री श्रद्धाकर सूपकार :
श्री एम० एस० ओबराय :

क्या **श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय श्रम आयोग ने अपना कार्य पूरा कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो प्रतिवेदन में की गई सिफ़ारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) आयोग पर अब तक कितनी धन-राशि खर्च की जा चुकी है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) मई, 1969 तक इस आयोग पर कुल 31,85,154 रु० खर्च हुए हैं ।

आकाशवाणी का संसद् समीक्षा कार्यक्रम

691. **श्री ओमप्रकाश त्यागी : क्या सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को 'संसद समीक्षा' के प्रसारण में भेदभाव और उपेक्षा किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार निष्पक्षता के उद्देश्य से संसद् की कार्यवाही की समीक्षा का कार्य अपने ही अधिकारियों से कराने की व्यवस्था करेगी और गैर-सरकारी समाचार-पत्र प्रतिनिधियों को यह काम नहीं सौंपा जायेगा;

(ग) यदि हां, तो यह व्यवस्था कब तक कर दिये जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) कुछ संसद सदस्यों से चन्द एक शिकायतें प्राप्त हुई हैं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

(घ) गैर-सरकारी पत्रकारों द्वारा लिखित 'संसद समीक्षा' की स्क्रिप्टें प्राप्त करने की वर्तमान व्यवस्था के बारे में इस मन्त्रालय से सम्बद्ध संसद की अनौपचारिक सलाहकार समिति की इच्छा के अनुसार निर्णय किया गया था और वह संतोषजनक पाई गई है ।

छंटनी किये बिना उद्योगों में स्वचालित मशीनें लगाना

693. **श्री क० मि० मधुकर : क्या श्रम तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने यह पता लगाने के लिये कि किन-किन उद्योगों में छंटनी किये बिना ही स्वचालित मशीनें लगाई जा सकती हैं, एक समिति बनाई है;

(ख) यदि हां, तो क्या समिति इस मामले में पूंजीपतियों के अथवा श्रमिकों के दृष्टिकोण से विचार करेगी;

(ग) समिति ने अपने कार्य में क्या प्रगति की है; और

(घ) यदि कोई प्रगति नहीं हुई है, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) से (घ). एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है । [**पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिये संख्या** LT—1339/69]

All India Radio, Poona

694. SHRI BAL RAJ MADHOK:
SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI:
SHRI MADHU LIMAYE:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING AND COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that All India Radio, Poona selected some of the lectures in Vasant Vyakhyan Mala series held in Poona in April-May, 1969 for broadcasts on radio; and

(b) if so, the lectures selected and the criteria for their selection ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Yes, Sir.

(b) A list of lectures from which extracts were broadcast is placed on the Table of the the House. [*Placed in Library. See* No, LT-1340/69]. The criterion for selection